# समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के तहत दिनांक 18.07.2025 को जिला पेयजल एव स्वच्छता मिशन की बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही –

1. श्री कुमुदेन्द्र कलाकर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जालौन।
2. श्री प्रेमचन्द मौर्य, अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), जालौन।
3. श्री प्रदीप, प्रभागीय वनाधिकारी, जालौन।
4. श्री नन्दलाल, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत हाईडिल, जालौन।
5. डॉ० एन०डी० शर्मा, जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, जालौन।
6. श्री चन्द्र प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जालौन।
7. श्री राम अयोध्या प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी, जालौन।
8. श्री धर्म घोष, अधिशासी अभियन्ता, बेतवा नहर प्रखण्ड–1, उरई।
9. श्री सी०पी० सिंह, अधिशासीअभियन्ता, बेतवानहरप्रखण्ड–2, उरई।
10. श्री पंकज तिवारी, जिला सूचना अधिकारी, जालौन।
11. श्री अंचल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
12. श्री महेन्द्र नाथ भारती, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, जालौन।
13. श्री अमित सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जालौन।
14. श्री सोम प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, जालौन।
15. श्री शिवपूजन सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
16. श्री नगीना राम, सहायक अभियन्ता, जिला पंचायत, जालौन।
17. श्री गगन दीक्षित, सहायक अभियन्ता, (वि० / यॉ०), एस०डब्ल्यू०एस०एम०, जालौन।
18. श्री अखिलेश कुमार, सहायक अभियन्ता, (सिविल), एस०डब्ल्यू०एस०एम०, जालौन।
19. श्री राजेश कुमार गुप्ता, टीम लीडर, टी०पी०आई०, बी०एल०जी०, झॉसी मण्डल।
20. श्री कृष्णा राजपूत, डी०पी०एम०, टी०पी०आई०, बी०एल०जी०, जालौन।
21. श्री के०वी० सत्यनारायण, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी इंजीनियरिंग कन्सलटेन्ट लि०, जालौन।
22. श्री गुरूदत्त त्रिपाठी, स्टेट हेड, मै० बी०जी०सी०सी०।
23. श्री श्याम नारायण दुबे, सोशल एक्सपर्ट, आरवी इंजीनियरिंग कन्सलटेन्ट लि०, जालौन।
24. श्री आर०के० सैनी, जी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०।
25. श्री प्रमोद बड़क, एस०पी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०।
26. श्री आजाद चोपड़, डी०पी०एम०, मै० बी०जी०सी०सी०।
27. श्री नागेश, डी०जी०एम०, जी०वी०पी०आर० इन्जीनियर्स लि०।
28. श्री बी० श्रीनिवास रेड्डी, डी०पी०एम०, जी०वी०पी०आर० इन्जीनियर्स लि०।

**अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी०वी०पी०आर० के द्वारा सला ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अनुबन्ध संख्या 32 / ई०डी० / 2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे कार्यो की प्रगति निम्नवत है।**

## 1–सला ग्राम समूह सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

**सला इन्टेकवेल** के अन्तर्गत 01 **Inlet Sluice Gate,** एवं **Stone Pitching** का कार्य शेष है। **डब्ल्यू०टी०पी०** के अन्तर्गत स्काडा को सभी ओ०एच०टी० से जोड़ने, क्रियाशील किये जाने एवं स्टाफ क्वार्टर के अन्तर्गत प्लम्बिंग एवं आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य शेष है। **WTP** पर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु **Skilled Engineer** की कमी है। सभी **CWR** पर रेलिंग, रैम्प निर्माण, स्लूस वाल्व चेम्बर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। सभी ओ०एच०टी० के **Railing, Floor** एवं **Valve Chamber**, Mane hole cover, Water

level Indicator का कार्य पूर्ण नहीं है। राइज़िंग मेन एवं वितरण प्रणाली के अन्तर्गत **Gap Jointing, T-Bend & Sluice Valve** का कार्य शेष है। गृह संयोजन के अन्तर्गत जी0आई0 पाइप क्लेमिंग, ग्राउटिंग, MDPE Pipe की Encasing का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु **18** टीम के सापेक्ष केवल **05** टीम कार्यरत है। **सीडब्ल्यूआर एवं ओ0एच0टी0 के Campus Development का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा बाउण्ड्रीवाल में प्लास्टर, Pointing, गेट लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है।** नियमित जलापूर्ति हेतु एवं शतप्रतिशत घरों मे पेयजल उपलब्ध कराए जाने का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है, आवश्यक **45** टीम के सापेक्ष केवल **18** टीम कार्यरत है। उक्त योजना में **DI & HDPE** पाइप लाइन को कमिशनिंग किये जाने, स्लूश वाल्व अधिष्ठापन किये जाने का कार्य, रोड रेस्टोरेशन, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 750 मैनपावर के सापेक्ष केवल 215 कार्यरत है। एजेन्सी के प्रतिनिधि श्री नागेश, डी0जी0एम0 द्वारा सभी ग्रामों के सभी घरों में पेयजल आपूर्ति अगले 02 माह में किए जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। बैठक हेतु पत्र जारी होने एवं दूरभाष के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 से स्टेट हैड श्री बी0 प्रसाद बैठक में उपस्थित नही होते है तथा माह में न्यूनतम 07 दिन जनपद में रहने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु श्री प्रसाद द्वारा कोई रूचि नही ली जा रही है।

**सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के कार्य में समयावधि में कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।**

श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0 द्वारा 15 सितम्बर, 2025 तक सभी ग्रामो को "हर घर जल" सत्यापित कराते हुये शत प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0)

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा अनुबन्ध संख्या 35/ई0डी0/2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे सतही स्रोत आधारित रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल एवं 256 भूजल आधारित पेयजल योजनाओं की प्रगति निम्नवत पाई गयी–**

**<u>1–रायपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–</u>**

**इन्टेकवेल** मे **EOT Crane, JJM Logo** एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। **EOT Crane** एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक **कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नही की गयी है। डब्ल्यू0टी0पी0** में प्लान्टेशन का कार्य एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् **07 सी0डब्ल्यू0आर0** के सापेक्ष सभी **सी0डब्ल्यू0आर0** में स्काडा हेतु पैनल अधिष्ठापन, क्लोरिनेशन रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, इलेक्ट्रिक केबल, रैम्प, दरवाजे एवं खिड़की लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है। **17 OHT** के सापेक्ष सभी में **Down Pipe, Duck foot bend** लगाये जाने का कार्य, **20 mm dia GI Pipe Railing, Floor एवं Valve Chamber**, वाटर लेवल इंडीकेटर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। **DI** पाइप लाइन मे 45 गैप है, जिससे सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय को **Functional** किये जाने का कार्य बाधित हो रहा है। 83 ग्राम के सापेक्ष मात्र 12 ग्राम में कमिशिनिग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शत प्रतिशत क्लोरिनेशन युक्त जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **"हर घर जल"** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, **जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है।** इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय के अन्तर्गत शेष कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 630 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 258 कार्यरत है।**

**दिनांक 31.05.2025 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यो को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि**

**द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं तथा गत 03 माह से अपेक्षित प्रगति नहीं है।**

कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि रायपुरा डब्ल्यू0टी0पी0 स्थित सी0डब्ल्यू0आर0 पर Low-Voltage की विद्युत आपूर्ति होने के कारण जलापूर्ति नियमित किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है, जिसे दो दिवस मे दुरूस्त किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन को निर्देशित किया गया।

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं कार्य में प्रगति लाने एवं कार्य को पूर्ण कराने का बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।**

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/ अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन /श्री राजकुमार सैनी, प्रतिनिधि, मै0 बी0जी0सी0सी0)

## 2–कोटा मु0 सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

**इन्टेकवेल** मे पैनल अधिष्ठापन, **EOT Crane, SCADA** शेष है। **EOT Crane** एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक **कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नही की गयी है। डब्ल्यू0टी0पी0** में प्लान्टेशन का कार्य, पी0ए0सी0 डोजिंग एवं क्लोरिनेशन तथा स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् **05 सी0डब्ल्यू0आर0** के सापेक्ष सभी **सी0डब्ल्यू0आर0** में स्काडा हेतु पैनल अधिष्ठापन, क्लोरिनेशन रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, इलेक्ट्रिक केबल, रैम्प, दरवाजे एवं खिड़की लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है। **17 OHT** के सापेक्ष सभी में **Down Pipe, Duck foot bend** लगाये जाने का कार्य, **20 mm dia GI Pipe Railing, Floor** एवं **Valve Chamber**, वाटर लेवल इंडीकेटर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। **DI** पाइप लाइन मे 50 गैप है, जिससे सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय को **Functional** किये जाने का कार्य बाधित हो रहा है। **77** ग्राम के सापेक्ष मात्र 04 ग्राम में कमिशिनिंग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शत प्रतिशत क्लोरिनेशन युक्त जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **"हर घर जल"** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, **जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है।** इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय के अन्तर्गत शेष कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 650 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 112 कार्यरत है।**

**दिनांक 31.05.2025 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं तथा गत 03 माह में प्रगति अत्यन्त कम है।**

कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कोटा–मुस्तकिल इन्टेकवेल एवं डब्ल्यू0टी0पी0 स्थित सी0डब्ल्यू0आर0 पर Low-Voltage की विद्युत आपूर्ति होने के कारण जलापूर्ति नियमित किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है, जिसे दो दिवस मे दुरूस्त किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन को निर्देशित किया गया।

## 3– मढ़ेपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

**इन्टेकवेल** मे **EOT Crane, SCADA, JJM Logo**एवं पेन्टिंग का कार्य शेष है। **डब्ल्यू0टी0पी0** में क्लोरिनेशन का कार्य एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् **06 सी0डब्ल्यू0आर0** के सापेक्ष सभी **सी0डब्ल्यू0आर0** में स्काडा हेतु पैनल अधिष्ठापन, क्लोरिनेशन रूम का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, इलेक्ट्रिक केबल, रैम्प, दरवाजे एवं खिड़की लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है। **12 OHT** के सापेक्ष सभी में **Down Pipe, Duck foot bend** लगाये जाने का

CamScanner

कार्य, **20 mm dia GI Pipe Railing, Floor एवं Valve Chamber**, वाटर लेवल इंडीकेटर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। **DI** पाइप लाइन मे 45 गैप है, जिससे सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय को **Functional** किये जाने का कार्य बाधित हो रहा है। 69 ग्राम के सापेक्ष मात्र 15 ग्राम में कमिशिनिग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शत प्रतिशत क्लोरिनेशन युक्त जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को **"हर घर जल"** किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, **जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है।** इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय के अन्तर्गत शेष कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 615 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 110 कार्यरत है।**

**दिनांक 31.05.2025 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं तथा गत 3 माह में प्रगति अत्यन्त कम है।**

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झॉसी/अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन

<u>4– 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना–</u>

256 नग नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत **205** पम्प अधिष्ठापन का कार्य किया गया है, परन्तु स्टॉटर एवं पैनल अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया हैं, जिससे ग्रामों को कमिशनिंग किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। 255 **OHT** के सापेक्ष 08 ओ0एच0टी0 में **Raft Foundation** हेतु पी0सी0सी0 का कार्य नही किया गया है। सभी ओएचटी में **Stairs, 20 mm dia GI Pipe Railing, Duck foot bend, Floor एवं Valve Chamber** बनाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है तथा ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु मात्र एक टीम लगाई गई है, जिससे ग्राम के सभी घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 256 पम्प हाउस के सापेक्ष 08 पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा दरवाजे, खिड़की, Apron, कट आउट, बाईपास चैम्बर निर्माण का कार्य एवं क्लोरीन डोजिंग सिस्टम, Painting एवं Voltage Stablizer, गर्डर, पैनल लगाये जाने एवं अन्य वि0/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं। **255** बाउन्ड्रीवॉल के सापेक्ष केवल **233** में ब्रिक वर्क का कार्य पूर्ण किया गया है परन्तु प्लास्टर एवं प्वान्टिंग का कार्य पूर्ण नहीं है। **255** स्टॉफ क्वार्टर में Plumbing आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हैं।

**256** नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाये जाने, सड़क पुर्ननिर्माण कार्य, कमिशिनिंग, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक **1120** मैनपावर के सापेक्ष केवल **265** कार्यरत है। योजना के अन्तर्गत कमिशनिंग हेतु आवश्यक **18** टीम के सापेक्ष **05** टीम, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन हेतु आवश्यक **08** टीम के सापेक्ष **01** टीम एवं विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक **18** टीम के सापेक्ष **01** टीम कार्यरत हैं।

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों के सापेक्ष इण्टरलॉकिंग एवं खड़न्जा रोड़ पुनर्निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। अतः एजेन्सी को अगले 01 माह में सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।**

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।**

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने, स्काडा अधिष्ठापन, शेष राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली की**

CamScanner

ज्वाइटिंग, गृह जल संयोजन के कार्य एवं नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के कार्यो तथा सभी ग्रामों को "हर घर जल" कराये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये अनुबन्ध की शर्तानुसार यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी कार्यों को मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण), जालौन को निर्देशित किया गया।

**तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।**

(राजेश कुमार पाण्डेय)
**जिलाधिकारी**
जनपद–जालौन

# कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

**पत्रांक** 1829 / /m-13 / 04 /2025–26 **दिनांकः–** 19 **जुलाई, 2025**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. अपर मुख्य सचिव महोदय, नमामिगंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, झांसी मण्डल, झांसी।
3. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), जालौन।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, जालौन।
7. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, जालौन।
8. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लोक निर्माण विभाग, जालौन।
9. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जालौन।
10. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, जालौन।
11. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, जालौन।
12. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
13. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
14. टीम लीडर, पी0एम0सी, आरवी एसोसिएट्स–जालौन/लखनऊ।
15. टीम लीडर, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0–जालौन।
16. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स, लि0 हैदराबाद।
17. मै0 बी0जी0सी0सी0, प्रा0लि0, नई दिल्ली।

**जिलाधिकारी**
जनपद–जालौन

CamScanner